सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

पीठासीन अधिकारीः– श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)

निर्णय

प्रकरण सख्या : 15/2019
बउनवानः–

विश्व हिन्दु परिषद जर्ये अध्यक्ष ललित गालव निवासी मांगरोल जिला बारां

...प्रार्थी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां

....अप्रार्थी

वाद अन्तर्गत धारा 88, 89, आरटीएक्ट व धारा 136 राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम

वकील प्रार्थी : श्री कर्मवीर शर्मा
दायरा दिनांकः 07.02.2019 निर्णय दिनांक : 25.02.2019

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि नगर मांगरोल के धार्मिक महत्व के स्थल रावण जी का डोल बारां रोड मांगरोल में स्थित है। जो मुताबिक नकल गिरदावरी सम्वत 2040–41 खसरा नं0 2011 मिन रकबा 11 बीघा 13 बिस्वा व खसरा नं0 2011 रकबा 14 बिस्वा रावणजी का डोल अंकित राजस्व रेकार्ड रहा है। मुताबिक मिलान क्षेत्रफल खसरा नं0 2011 के खसरा नं0 2904 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 कायम किये व नगर पालिका के नाम दर्ज किये है। इस प्रकार वर्तमान जमाबंदी में 3 बीघा 7 बिस्वा भूमि कम दर्ज की गयी है। जो रिकार्ड ठीक होने योग्य है। अतः निवेदन है कि वर्तमान नगर पालिका के नाम दर्ज भूमि खसरा नं0 2904 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 के स्थान पर 2905 रकबा 1.93 है0 दर्ज किया जावें। तथा जमाबंदी में नगर पालिका के साथ–साथ रावणजी का डोल भी अंकित किया जावें।

उक्त आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दिनांक 07.02.2019 को प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल(लैण्ड होल्डर) को जर्ये सम्मन तलब किया गया। तहसीलदार मांगरोल(लैण्ड होल्डर) ने दिनांक 25.02.2019 को उपस्थित होकर जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसके अनुसार कस्बा मांगरोल की आराजी खसरा नं0 2904 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 कुल किता 2 रकबा 1.43 है0 किस्म गै0 मु0 आबादी खातेदार क्रमशः राज्य सरकार एवं नगर पालिका मांगरोल दर्ज है। सेटलमेंट जमाबंदी सम्वत 2044–2063 की खाता संख्या 946 में खसरा नं0 2904 रकबा 0.05 है0 एवं खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 कुल किता 2 रकबा 1.43 है0 किस्म गै0 मु0 डोल

सिवायचक बिला लगानी दर्ज है। एवं खसरा गिरदावरी सम्वत 2040 में उक्त आराजी की किस्म रावण जी का डोल दर्ज थी। खसरा नं0 2904 रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 कुल किता 2 रकबा 1.43 है0 के मिलान क्षेत्रफल अनुसार साबिक खसरा नं0 2011 रकबा 12 बीघा 7 बिस्वा है।

प्रार्थना पत्र में संलग्न दस्तावेजात, जवाबदावा प्रतिवादी तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) एवं लेटेस्ट मौका स्थिति एवं रिकार्ड की लेटेस्ट मौका स्थिति एवं रेकार्ड की लेटेस्ट रिपोर्ट द्वारा तहसीलदार मांगरोल दिनांक 25.02.2019 का भली प्रकार अध्ययन एवं अवलोकन किया गया। दिनांक 25.02.2019 को उभय पक्ष की बहस सुनी गयी। वकील प्रार्थी व अप्रार्थी तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) ने अपनी–अपनी बहस में उन्ही तथ्यो का कथन किया है जिनका उनके द्वारा क्रमशः वाद पत्र व जवाब दावा में अंकन किया गया है। अतः पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात, सुनी गयी बहस के आधार पर ग्राम मांगरोल की वर्तमान जमाबंदी चौसाला सम्वत 2069–72 की खाता संख्या 1 नगर पालिका मांगरोल के खाते में खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 गै0 मुमकिन आबादी वर्तमान में अंकित है। मुताबिक मिलान क्षेत्रफल सम्वत 2044–2063 यह नम्बर पूर्व के आराजी खसरा नं0 2011 मिन रकबा 11 बीघा 13 बिस्वा सिवायचक रावण जी का डोल अंकित था जिसकी पुष्टि नकल खसरा गिरदावरी चौसाला ग्राम मांगरोल सम्वत 2040 से होती है। जो शामिल फाईल है। तदनुसार प्रार्थना प्रार्थी आंशिक स्वीकार की जाती है एवं हाल आराजी खसरा नं0 2905 रकबा 1.38 है0 गै0 मुमकिन आबादी जो नगर पालिका मांगरोल के स्वामित्व में है, के साथ–साथ विशेष विवरण में पूर्ववत रावण जी का डोल राजस्व रेकार्ड में अंकित करने के आदेश पारित किये जाते है। तहसीलदार मांगरोल को उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 25.02.2019 को सरेइजलास मजमेंआम में सुना